This question paper contains 4 printed pages]

JO—02—2023

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (First Semester) EXAMINATION

NOVEMBER/DECEMBER, 2023

(CBCS/New Pattern)

HINDI

Paper I

(प्राचीन एवं मध्ययुगीन कविता : भाग-1)

(Tuesday, 5-12-2023) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—Three Hours *Maximum Marks—75*

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 10

(अ) कबरी-भय चामरि गिरि-कन्दर
मुख-भय चाँद अकासे
हरिण नयन भय स्वर भय कोकिल
गति भय गज वनबासे॥

अथवा

दीपक दीया तेल भरि, बाति दई अघट्ट
पूरा किया बिसाहुणां, बहुरि न आवौ हट्ट।
ना गुर मिल्या न सिष भया, लालच खेल्या दाव
दुन्यूं बूड़े धार मैं, चढ़ि पाथर की नाव॥

P.T.O.

41030026354CA37DEDDD548F878FF55E

(आ) सरवर तीर पद्मिनी आई। खोंपा छोरि केस मुकलाई। 10

ससि-मुख, अंग मलयगिरी बासा, नागन झांपि लीन्ह चहुँ पासा॥

ओनई घटा परी जग छाहाँ, ससि कै सरन लीन्ह जनु-राहां।

छपि गै दिनहिं भानु कै दसा, लेइ निसि नखत चाँद परगसा॥

अथवा

चिकुर निकर तम सम पुनि

आनन पुनिम ससी।

नयन पंकज के पतिआयब

एक ठाम रहु बसी॥

आज मोये देखलि बारा।

लुबुध मानस चालक मअन

कर की परकारा॥

2. कबीर की गुरु महिमा को पठित दोहों के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 20

अथवा

'पद्मावत' में जायसी ने नागमती की विरह-व्यथा का वर्णन बारहमासा पद्धति के आधार पर किया है। सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

41030026354CA37DEDDD548F878FF55E

3. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) विद्यापती की भक्ति-भावना। 10

अथवा

कबीर के मायासंबंधी विचार।

(आ) पद्मावती की जलक्रीड़ा। 10

अथवा

विद्यापति का शृंगार वर्णन।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **पंद्रह-बीस** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) चंदबरदाई का जीवन-परिचय लिखिए।

(*ii*) अमीर खुसरो के काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

(*iii*) रैदास का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(*iv*) मीराबाई के काव्य में श्रीकृष्ण भक्ति को विशद कीजिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में दीजिए : 5

(*i*) चंदबरदाई किस काल के कवि हैं ?

(*ii*) आदिकाल में पहेलियाँ और मुकरियाँ किसने लिखी हैं ?

(*iii*) मीराबाई के आराध्य कौन थे ?

(*iv*) रैदास के गुरु का नाम क्या है ?

(*v*) 'आल्हखंड' के रचनाकार कवि कौन हैं ?

P.T.O.

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) चंदबरदाई ………………… राजा के दरबारी कवि थे।

(*ii*) अमीर खुसरो के गुरु ………………… थे।

(*iii*) मीराबाई के पति का नाम ………………… था।

(*iv*) रैदास ………………… काव्यधारा के कवि हैं।

(*v*) जगनिक ………………… काल के कवि हैं।

41030026354CA37DEDDD548F878FF55E